## ।। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला–दुर्ग ।।

**प्ररूप–ङ**

(नियम 7 (2) देखिये)

**अनुमति**

दुर्ग, दिनांक 06/01/2025

क्रमांक/ 19 /प्र.02/अ.वि.अ./2025

प्रति,

श्री विक्रमजीत गुप्ता
आ0 ओम प्रकाश गुप्ता
पता– सुभाष नगर, दुर्ग
तहसील व जिला–दुर्ग (छ0ग0)

विषय :– वृक्ष की कटाई हेतु अनुमति।
संदर्भ :– रा.प्र.क्रमांक 202409104200002/अ–62/2023–24.

.....00.....

विषयांतर्गत आपके द्वारा वृक्ष कटाई की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पर अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। राजस्व निरीक्षक तथा वन विभाग के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग का प्रतिवेदन दिनांक 24.12.2024 (प्राप्ति दिनांक 03.01.2025) प्राप्त हुआ ।

आवेदन में उल्लेखित तथ्यों का सत्यापन किया गया। स्थल पर आवेदित वृक्षों की स्थिति निम्नानुसार है– ग्राम दुर्ग, प.ह.नं. 24, तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 10, भू–खण्ड क्रमांक 7/4 में 01 नग नीलगिरी वृक्ष स्थित है, उक्त वृक्ष को आवेदक द्वारा गृह निर्माण कार्य में बाधित है जिसे नियमानुसार कटाई किया जाना, प्रतिवेदित किया गया है।

राजस्व निरीक्षक एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्ग द्वारा प्रस्तुत संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन 20.11.2023 का सूक्ष्मता से अवलोकन व परीक्षण किया, जिससे स्पष्ट है कि ग्राम दुर्ग, प.ह. नं. 24, तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 10, भू–खण्ड क्रमांक 7/4 में 01 नग नीलगिरी वृक्ष स्थित है, को काटे जाने पर संहिता के किन्ही उपबंधों का उल्लंघन नहीं हो रहा है । तथा वन मण्डलाधिकारी, दुर्ग वन मण्डल, दुर्ग के प्रतिवेदन दिनांक 16.12.2024 से सहमत होते हुये वृक्ष कटाई के आवेदन पर अनुमति अभिव्यक्त की जाती है।

छत्तीसगढ़ वनउपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 (क्र. 9 सन् 1969) एवं भारतीय वन अधिनियम 1927(1927 का 16) के अंतर्गत निर्मित छत्तीसगढ़ परिवहन (वन उपज) नियम 2001 का पालन नही किए जाने पर यह अनुशंसा शून्य होगी।

**यह अनुमति आवेदन दिनांक से एक कलेण्डर वर्ष तक मान्य रहेगी।**

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
दुर्ग ..06/1/25

दुर्ग, दिनांक 06/01/2025

पृ.क्रमांक/ 20 /प्र.02/अ.वि.अ./2025

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर महोदय, दुर्ग को सादर सूचनार्थ।
2. वनमंडलाधिकारी, दुर्ग वनमंडल, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।
3. अति. तहसीलदार, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
दुर्ग ..06/1/25